जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला... पृष्ठ 2 | जिले के सातों नगरीय निकाय के निर्वाचित... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 16 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 124, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# नगर निगम चुनाव : भाजपा का परचम, कांग्रेस का सूपड़ा साफ

## नगरीय निकाय चुनाव में खिला कमल, 10 के 10 नगर निगम में भाजपा का कब्जा, राजनांदगांव में भाजपा के मधुसूदन यादव की जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शानदार जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। सभी 10 नगर निगमों में भाजपा के महापौर चुने गए, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

**भाजपा की क्लीन स्वीप, कांग्रेस शून्य पर आउट**

रायगढ़ में भाजपा के जीववर्धन चौहान ने कांग्रेस की जानकी काटजू को 36,365 वोटों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। राजनांदगांव में भाजपा के मधुसूदन यादव ने कांग्रेस के निखिल द्विवेदी को शिकस्त दी।

**अन्य नगर निगमों में भी भाजपा का दबदबा:**

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है. 10 के 10 नगर निगमों में भाजपा ने कांग्रेस को मात देकर महापौर की कुर्सी पर कब्जा किया है. रायपुर में 15 साल बाद कांग्रेस का किला ढहा दिया गया है. यहां बीजेपी महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है. उन्होंने 153290 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे को मात दी है. रायपुर में महापौर चुनाव में कुल 509146 वोट पड़े थे. इसमें से भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे को 315835 वोट और कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे को 162545 वोट मिले.

बता दें कि 11 फरवरी को 10 नगर निगमों में वोटिंग हुई थी. इनमें अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी,



जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और रायपुर नगर निगम शामिल हैं. इस चुनाव में महापौर के 79 प्रत्याशी मैदान पर थे.

**रायपुर नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - दीप्ति दुबे
भाजपा महापौर प्रत्याशी - मीनल चौबे
रिजल्ट - 153290 वोट से भाजपा की जीत

**दुर्ग नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - प्रेमलता साहू
भाजपा महापौर प्रत्याशी - अल्का बाघमार
रिजल्ट - 67 हजार वोट से भाजपा की जीत

**कोरबा नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - उषा तिवारी
भाजपा महापौर प्रत्याशी - संजू देवी
रिजल्ट - 52,000 वोट से भाजपा की जीत

**अंबिकापुर नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - अजय तिर्की
भाजपा महापौर प्रत्याशी - मंजूषा भगत
रिजल्ट - 66,179 वोट से भाजपा की जीत

**राजनांदगांव नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - निखिल द्विवेदी
भाजपा महापौर प्रत्याशी - मधुसूदन यादव
रिजल्ट - 41 हजार से अधिक मतों से भाजपा की जीत

**रायगढ़ नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - जानकी काटजू
भाजपा महापौर प्रत्याशी - जीववर्धन चौहान
रिजल्ट - 34365 वोट से भाजपा की जीत

**जगदलपुर नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी - मककीत सिंह गैदू
भाजपा महापौर प्रत्याशी -संजय पांडेय
रिजल्ट - 8772 वोट से भाजपा की जीत

**चिरमिरी नगर निगम**
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी ङ्क विनय जायसवाल
भाजपा महापौर प्रत्याशी ङ्क रामनरेश राय
रिजल्ट -4000 वोट से भाजपा की जीत

**धमतरी नगर निगम**
भाजपा महापौर प्रत्याशी - जगदीश रामू रोहरा
रिजल्ट - 34085 वोट से भाजपा की जीत

### 49 पालिका और 114 नगर पंचायत का परिणाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनावों के नतीजे लगभग साफहो चुके हैं, जहां भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत तीनों ही निकायों में भाजपा का दबदबा देखने को मिला। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ) को उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों ने कुछ सीटों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आइए जानते हैं किस निकाय में किसे जीत मिली है।

**नगर निगम चुनाव परिणाम**- इस बार राज्य के कुल 10 नगर निगमों में भाजपा ने सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज कर ली, जबकि कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों का खाता भी नहीं खुल सका। भाजपा की इस प्रचंड जीत ने विपक्ष को करारा झटका दिया है।

**नगर पालिका चुनाव परिणाम**- नगर पालिका चुनावों में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया और कुल 49 में से 35 सीटों पर कब्जा जमाया। कांग्रेस को सिर्फ8 सीटें मिलीं, जो तखतपुर, मुंगेली, कटघोरा, महासमुंद, बागबाहरा, सुरजपुर, मंदिर हसौद और अभनपुर में हासिल हुईं। आम आदमी पार्टी (ङ्क) को मात्र एक सीट (बोदरी) से संतोष करना पड़ा। वहीं, 5 सीटें निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में गईं, जिनमें अहिवारा, सक्ती, पेंड्रा, अकलतरा और सिमगा शामिल हैं।

**नगर पंचायत चुनाव परिणाम**

नगर पंचायत चुनावों में भी भाजपा ने अपना परचम लहराया और कुल 114 सीटों में से 81 पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को 22 सीटें मिलीं, जबकि बहुजन समाज पार्टी को सिर्फ1 सीट हासिल हुई। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशियों ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की।गौरतलब है कि इन चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि राज्य की राजनीति में उसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वह अधिकांश सीटों पर हार गई। वहीं, आम आदमी पार्टी की उम्मीदें भी धराशायी हो गईं, क्योंकि उन्हें सिर्फ एक सीट मिली। निर्दलीय प्रत्याशियों ने 15 सीटें जीतकर कुछ क्षेत्रों में अपनी मजबूती दिखाई। कुल मिलाकर, इन चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है।

### नगरीय निकायों के नतीजे : सीएम साय बोले- प्रदेश सरकार के 13 महीनों के काम पर जनता ने मुहर लगाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में सत्ताधारी दल भाजपा को बंपर जीत मिली है। नतीजे आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रेस से बात की। उन्होंने नतीजों को अपनी सरकार के 13 महीने के काम पर जनता का विश्वास बताया। नगरीय निकाय चुनावों में मिली बंपर जीत से प्रसन्न छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि, आज का दिन स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। प्रदेश की जनता ने पीएम मोदी की गारंटी पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। प्रदेश की जनता ने बीजेपी पर भरोसा किया है, पीएम मोदी पर और उनकी गारंटी पर विश्वास किया है। जनता ने प्रदेश सरकार के 13 महीने के कार्यों पर विश्वास किया है।

**'अटल संकल्प पत्र' के सभी वादे शत-प्रतिशत पूरे होंगे**

श्री साय ने निकायों में बीजेपी को जनादेश देने के लिए जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि, 'अटल संकल्प पत्र' के सभी वादों को शत-प्रतिशत पूरा करेंगे। कांग्रेस घोषणा पत्र के माध्यम से ठगने का काम करती है, लेकिन बीजेपी जो कहती है वो करती है। वहीं श्री साय ने देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, कांग्रेस ने पिछले निकाय चुनाव में लोकतंत्र की हत्या की थी। हमने मेयर और अध्यक्ष चुनने का अधिकार फिर से जनता को दिया।

**ढेबर पर कसा तंज**

वहीं सीएम साय ने राजधानी रायपुर के पूर्व मेयर एजाज ढेबर पर निशाना साधते हुए कहा कि, पहले महापौर बने थे अब पार्षद चुनाव भी नहीं जीत सके। रायगढ़ में चाय बेचने वाले को जीत मिली, यह बीजेपी में ही संभव है। हमारे यहां पार्टी के प्रति निष्ठावान रहने वालों को टिकट मिलती है।

**कुनकुरी में जनता का निर्णय शिरोधार्य : सीएम साय**

वहीं अपने विधानसभा क्षेत्र के कुनकुरी नगर पंचायत में मिली हार पर श्री साय ने कहा कि, जनता का निर्णय शिरोधार्य है। भले ही हार मिली है, लेकिन विकास नहीं रुकेगा। उल्लेखनीय है कि, कुनकुरी नगर पंचायत में भाजपा को मिली हार पर कांग्रेस ने और पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर तंज कसा था।

# डॉ. सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मिली सौगात

## विनायक टॉवर , कंचन बाग रोड ,सन सिटी के पास शुरू हुई स्वास्थ्य सेवा ...



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की आम जनता सहित जिले वासियों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात डॉ . सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में 15 फरवरी से प्राप्त हो चुकी है । विरासत में मिली स्वास्थ्य सेवा की परंपरा को मोहबे परिवार की बेटी ने आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है । आज पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चंद्रशेखर मोहबे ( मुन्ना भैया ) के कर कमलों से हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया । राजनांदगांव नगर की जनता के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज डॉ. सुरभि मोहबे ने कृत संकल्पित होकर नर्सिंग होम की शुरुआत की है । नगर के कंचन बाग स्थित विनायक टॉवर , सन सिटी के समीप आज पूर्वाह्न 11 बजे नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया । मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. सी एस मोहबे ( पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ) ने रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन प्रक्रिया को संपन्न किया । नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.रमेश मोहबे ( एम डी .) ने भी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सुरभि मोहबे को आशीर्वाद प्रदान किया । नगर में नवीन कॉलोनियों के निर्माण के उपरांत कंचन बाग क्षेत्र में एक अच्छे हॉस्पिटल की मांग बनी हुई थी । इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आमजनों को स्त्री रोग विशेषज्ञ से लेकर शिशु रोग , जनरल मेडिसिन , चर्म रोग , हड्डी रोग , जनरल सर्जरी , कान ,नाक , गला रोग विशेषज्ञ , कैंसर रोग के उपचार के साथ ही उच्च स्तरीय पैथोलॉजी एवं एक्स रे की सुविधा प्राप्त हो सकेगी । हॉस्पिटल की डॉ. सुरभि मोहबे ( स्त्री रोग विशेषज्ञ ) ने हमसे चर्चा करते हुए बताया कि उनका मकसद जिले की जरूरत मंद जनता को आसान उपचार उपलब्ध कराना ही है । उन्हें उनकी माता स्व. डॉ. कुमुद मोहबे एवं उनके पिता डॉ. रमेश मोहबे से विरासत में इस सेवा का संकल्प प्राप्त हुआ है । वे चाहती हैं कि शहर सहित जिले के लोगों को किसी भी बीमारी के इलाज के लिए शहर से बाहर जाकर महंगे इलाज के लिए विवश न होना पड़े ।

# पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की बढ़ी मुश्किलें, फ्लैग स्टाफ बंगला नवीनीकरण मामले में जांच के आदेश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार, सीपीडब्ल्यूडी को यह जांच करनी है कि क्या इस आलीशान महल (जिसे 'शीश महल' कहा जा रहा है) के निर्माण में भवन निर्माण के नियमों की अनदेखी की गई थी। इस बंगले का नवीनीकरण 40,000 वर्ग गज (करीब 8 एकड़) में किया गया है और आरोप है कि इसके निर्माण के दौरान कई नियमों की अवहेलना की गई। यह जांच खासतौर पर इस बात को लेकर की जाएगी कि क्या फ्लैगस्टाफ बंगले के नवीनीकरण के लिए निर्धारित भवन निर्माण नियमों को तोड़ा गया था, ताकि यह आलीशान महल बनाया जा सके। इस दौरान इस बात की भी जांच की जाएगी कि क्या सार्वजनिक धन का सही तरीके से उपयोग हुआ है और क्या इस निर्माण में कोई वित्तीय अनियमितताएं पाई गईं। बता दें कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के नवीनीकरण को लेकर पहले भी विवाद उठ चुके हैं। भाजपा ने दिल्ली में 6 फ्लैग स्टाफ बंगले को 'शीशमहल' कहा है। यह दिल्ली के मुख्यमंत्री का सरकारी आवास है, जहां 2015 से 2024 तक अरविंद केजरीवाल रहे हैं। बीजेपी का आरोप है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए आवास में नवीनीकरण में करोड़ों खर्च किए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा और कांग्रेस ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था।

# नगर निगम की तरह ग्रामीण जनता का आशीर्वाद भी भाजपा को मिलेगा - डॉ रमन सिंह

## कांग्रेस शासन में महिलाएं असुरक्षित थी , महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट का काम छीना, शराबबंदी का वादा किया पर पूरा नहीं किया



**राजनांदगांव ।** विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह आज अपने क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्रों में चुनाव के अंतिम दौर में पहुंचे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघोला एवं सोमनी में भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पछ में आयोजित जनसभा में कल हो रहे चुनाव के अंतिम दौर में अपनी बातें रखी । डॉ रमन सिंह ने कहा कि ने कहा कि छत्तीसगढ़ को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के प्रयासों से भाजपा ने बनाया था, इसलिए विगत 15 वर्षों की भाजपा सरकार ने इसे संवारने, सजारने हेतु जमीन से जुड़े मूलभूत कार्य कर छत्तीसगढ़ को ऊंचाइयों तकपहुंचाया। फिर पांच वर्षों तक छत्तीसगढ़ के विकास में ब्रेक लग गया। फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर पूरा फोकस किया है, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर कर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में भी क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। आगे डॉ रमन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने ग्राम पंचायतों को और अधिक अधिकार सम्पन्न बनाकर उन्हें विकास और रोजगारपरक कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने के साथ ही पंचायत सचिवों के आर्थिक हितों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने का काम किया है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश में एक ओर जहाँ 70 लाख महिलाओं के खाते में हर माह महतारी वंदन योजना की 1 हजार रुपए की राशि जमा करके आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम हो रहा है, वहीं सार्वजनिक क्षेत्रों में काम के दौरान महिलाओं को होने वाली दिक्कतों को दूर करने पंचायतों में 'महतारी सदन' का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि 202 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से महतारी सदन निर्माण किए जाने हेतु 50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। इस कार्य के लिए वर्तमान में 179 महतारी सदन के निर्माण हेतु 44.21 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिवों की नवीन वेतनमान के अंतर की एरियर्स राशि वर्ष 2018 से लगभग 05 वर्ष तक भुगतान हेतु शेष थी। प्रदेश की बाजपा सरकार ने पंचायत सचिवों की एरियर्स की बकाया राशि 47,98,40,631 रुपए (सैंतालीस करोड़ अन्ठानबे लाख चालीस हजार छः सौ इकतीस रु,) का आबंटन जिलों को उपलब्ध कराया गया है। अंशदायी पेंशन योजना की चर्चा कर आगे कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों की अंशदायी पेंशन योजना अप्रैल 2012 से प्रारंभ है, जिसमें अप्रैल 2012 से जून 2020 तक लगभग 08 वर्ष के नियोक्ता अंशदान की राशि 38,56,82,059 रु. (अड़तीस करोड़ छप्पन लाख बियासी हजार उनसठ रू.) का आबंटन किया गया है। इस प्रकार सचिवों के पेंशन हेतु शासन के अंश को जमा कर इनके बेहतर भविष्य का प्रबंध किया गया। सभा के दौरान डॉ रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शासन काल पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति यह भूली नहीं है कि किस तरह पांच साल प्रताड़ित हुई है कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी । कांग्रेसी कानून को धता बताकर अपनी जेबों में लेकर घूमने की बातें करते थें। शिक्षक दिवस के दिन एक शिक्षिका से अनाचार और रक्षाबंधन के जिस दिन दो बहनों से अनाचार किया गया, महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट का काम छीनकर उन्हें रोजगार से वंचित कर दिया गया। हाथों में गंगाजल लेकर छत्तीसगढ़ की जनता से शराबबंदी का वादा किया पर पूरा नहीं किया उल्टे शराब में ही करोड़ों रुपए का घोटाला कर दिया। छत्तीसगढ़ की जनता ने पहले विधानसभा चुनाव फिर लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को सबक सिखाया,मुंबई चुनाव के बाद दिल्ली के चुनाव में मिली विजय के बाद आज छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में मिली बड़ी जीत ने जनता ने कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से अलविदा कह कर भाजपा की नीति,रीती पर भरोसा किया ,उन्होंने जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण जनता से आव्हान किया कि अब निकाय सहित पंचायतों में भी जनता कल होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सबक़ सिखाने वाली हैं।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, खिलेश्वर साहू, कृष्णा तिवारी, मनोज साहू, रमन राजपूत, श्रीमती लता यादव, गजेंद्र बंजारे, विक्रम राजपूत, दिनेश देशलहरे, धनुष साहू, नरोत्तम दास बंजारे, नेपाल साहु, पंकज तिवारी,एवं विशेष रूप से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रत्याशी श्री चंदन कश्यप (पतंग छाप), एवं जनपद प्रत्याशी छेत्र क्रमांक 23 से ,हुमेश्वर निषाद की (बरगद छाप) उपस्थित थे।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से हिरेन्द्र कुमार साहू को मिल रहा भारी जनसमर्थन





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम चुनाव संपन्न होने के बाद अब सबकी नजर पंचायत एवं जिला पंचायत चुनाव पर टिकी है। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कहीं जनसभाओं का दौर जारी है, तो कहीं रैली कर रहे हैं और डीजे के साथ शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं राजनांदगांव जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य हिरेन्द्र कुमार साहू को गाड़ी छाप पर लोगों का काफी समर्थन मिल रहा हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से खड़े सभी प्रत्याशियों लगभग आगे चल रहे हैं। लोगों का कहना है कि हिरेन्द्र कुमार साहू काफी विजय की ओर है, जिस पर श्री साहू जी को विजय बनाने में जन समुदाय भरपूर मेहनत करते हुए जुटे हैं। अब जिला पंचायत का चुनाव में मुकाबला रोचक होता जा रहा है। मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उम्मीदवार विभिन्न रणनीतियों का सहारा ले रहे हैं। कोई सामाजिक कार्यों को गिनाकर वोट मांग रहा है, तो कोई वादों को विकास योजनाओं में बनाकर वोट मांग रहा है। चुनाव में काफी टक्कर देखने को मिली हैं। जनता अब समझदारी से मुद्दाओं का चयन कर रही है और विकास को प्राथमिकता दे रही है। इस बार सिर्फ पार्टी नहीं बल्कि प्रत्याशी की योग्यता और उनकी छवि को देखकर वोट देंगे। इसके लिए क्षेत्र की जनता हिरेन्द्र कुमार साहू को इसके योग्य सोच रही हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक12 की सदस्य के लिए विजय बनाने जुट गए।

चुनावी गतिविधियों के बीच प्रशासन भी सतर्क है। आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य हेतु हिरेन्द्र कुमार साहू गाड़ी छाप पर 5 नंबर पर बहुमूल्य वोट मांगते हुए अपील की है।

**वादा नहीं विकास होगा - हिरेन्द्र कुमार साहू**

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैदाटोला से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु किसान पुत्र,जन हितैषी, सेवाभावी, कर्मठ,शिक्षित, सरल, सहज एवं लोकप्रिय प्रत्याशी हिरेंद्र कुमार साहू जिसका चुनाव चिन्ह गाड़ी छाप है जनसंपर्क के दौरान आज ग्राम बरेठ टोला, बिसाहू टोला, मगरधोखरा, किरगाहा टोला,फाफामार, जंगलपुर, सीताकसा,मगर ढोकरा, किरगाहा टोला, भोलापुर, चिरचारी,जोशीलमती, कोलियारी,खोराटोरा मे सघन जनसंपर्क किया साथ में भुनेश्वर साहू, कांति साहू, भारत साहू,कोमल साहू, प्रवीण साहू,राजू यादव,राजेश साहू, ईवत धनकर, डॉ. राजकुमार साहू,गजेंद्र साहू, कुमार साहू चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल होकर प्रत्याशी हिरेन्द्र साहू के समर्थन में जोर शोर से प्रचार कर रहे।

# जनता के जनादेश को नमनः कमलेश स्वर्णकार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निकाय चुनाव के परिणाम आ चुके हैं, और जनता ने अपना जनादेश स्पष्ट रूप से दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय सरकार बन रही है, और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने इस निर्णय को पूर्ण सम्मान के साथ स्वीकार किया है।

गौरतलब है कि, कमलेश स्वर्णकार ने चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जनता का फैसला सर्वोपरि है, और मैं इसे सिर झुकाकर स्वीकार करता हूँ। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि जनता जिसे उपयुक्त समझती है, उसे अपनी सेवा का अवसर देती है। मैं इस जनादेश का आदर करता हूँ और विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देता हूँ।

उन्होंने चुनावी सफर को एक सीखने और अनुभव लेने की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं था, बल्कि शहर की सेवा का एक संकल्प था, जिसे वे किसी भी परिस्थिति में नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वो हाथ जो उनके समर्थन में उठा, हर वो आवाज जो बदलाव के लिए गूंजी, वह उनके लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। कमलेश स्वर्णकार ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव परिणाम से उनका उद्देश्य नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा, हम राजनीति में किसी पद या सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए आए हैं। हम अपनी भूमिका में रहकर शहर के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। जो मुद्दे हमने उठाए, वे आज भी प्रासंगिक हैं, और हम इन पर काम करते रहेंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि आम आदमी पार्टी आगे भी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देगी और जनता की आवाज बुलंद करेगी। कमलेश स्वर्णकार ने अंत में कहा, यह चुनाव अंत नहीं, बल्कि एक नए सफर की शुरुआत है। मैं हमेशा जनता के साथ खड़ा रहूंगा, उनके सुख-दुख में सहभागी बनूंगा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

## सफलता पूर्वक मतगणना पूरी होने पर कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** स्थाई निर्वाचन अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए अध्यक्ष एवं पार्षदों का निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतगणना सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, एसएएफ सहस्त्र सुरक्षा बल, जिले के सभी पत्रकार गण का कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया।

## भूपेश का आगमन, 02 सीटों में सिमटा कांग्रेस.

**लाल बहादुर नगर में लहराया भाजपा का परचम.**

**डोंगरगढ़/ लाल बहादुर नगर (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत बनने के बाद पहले चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के दावेदार देवेंद्र



साहू ने अपना जीत का परचम लहराते हुए 08 वार्डो में पार्षद पद पर प्रत्याशी के रूप में भाजपा का परचम लहरा दिया है. श्री साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के राजकुमार मंडल को 399 मतो पराजित कर अपना परचम लहराया है. अध्यक्ष पद में भाजपा के देवेंद्र साहू को 1187 मत तो कांग्रेस के राजकुमार मंडल 788 मत, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश सिन्हा को 696 मत व श्रीमती उषा यदु को 547 मत प्राप्त हुए. वार्डो का परिणाम इस प्रकार है वार्ड क्रमांक 01 से रूपचंद रजक, वार्ड क्रमांक 02 से रमेश यादव भाजपा, वार्ड क्रमांक 03 से मोरध्वज साहू भाजपा, वार्ड क्रमांक 04 सरस्वती ढिमर निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 05 योगेश साहू निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 06 निकिता ताम्रकार निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 07 राजेश देवांगन भाजपा, वार्ड क्रमांक 08 छविधर साहू भाजपा, वार्ड क्रमांक 09 टिकेश्वर साहू भाजपा, वार्ड क्रमांक 10 प्रीति ताम्रकार भाजपा, वार्ड क्रमांक 11 भूपेंद्र खोब्रागढ़े कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 12 उषा यदु निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 13 मृगलाल साहू भाजपा, वार्ड क्रमांक 14 रानु भेभेस साहू कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 15 रामजी साहू भाजपा. इस प्रकार भाजपा को 08 वार्डो में तो कांग्रेस को 02 वार्डो में व निर्दलीय प्रत्याशीयों ने 05 वार्डों में अपना परचम लहराया है.

## रोशनी वैष्णव कर रह है धुआंधार प्रचार



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 भोथीपार खुर्द जनपद प्रत्यशी रोशनी वैष्णव बिहान समूह से जुड़े हुए तथा के धार्मिक, संस्कृतिक, खेल, कूद शिक्षा अपने में योगदान के कारण क्षेत्र के ग्रामों में धामनसरा, उसरीबोड, अलिखूटा, रानीतराइ ,भोडिया ,ढिडिया, भोथीपार खुर्द, अपने पक्षा में मतदाता से रुबरु होकर कला जत्था रैली के मध्यम से बरगद क्षाप पर मूहर लागाकर विजय बानने की अपील करते हुए पांच साल कार्यकाल में निर्माण कार्यो उल्लेख करते हुए तथा आगामी कार्य योजना के साथ कार्यकाल योजना को बताते हुए युवा, महिला, वरिष्ठ जन को जनसमर्थन का मिल रहा है।

## नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी से निर्दलीय प्रत्याशी श्री अनिल मानिकपुरी विजयी हुये

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय निर्वाचन के अंतर्गत नगर



पंचायत अंबागढ़ चौकी से निर्दलीय प्रत्याशी श्री अनिल मानिकपुरी विजयी घोषित किया गया है। श्री अनिल मानिकपुरी को कुल 2771 वोट प्राप्त हुआ है। उन्होंने गुलाब गोस्वामी को 361 वोटों से पराजित किया। गुलाब गोस्वामी को 2410 वोट प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार मनीष साहू को 826 वोट एवं दिनेश ताम्रकार को 74 वोट प्राप्त हुआ है। नोटा में 44 वोट डाला गया है। गणना प्रेक्षक डॉ के मैचियों (आई एफ एस) की उपस्थिति में वोटो की गणना किया गया। विजयी प्रत्याशी श्री अनिल मानिकपुरी को रिटर्निंग ऑफिसर श्री हेमेंद्र भूआर्य ने निर्वाचन प्रमाण पत्र भेंट कर शुभकामनाएं दिया।

**शुभांक**

**1-3-5**

**138-2 225-9**

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 भाजपा अधिकृत प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य को मिल रहा है जनता का आशीर्वाद



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 कुमरदा के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य पद हेतु किसान पुत्र, अनुभवी, योग्य,मिलनसार, कर्मठ,जुझारू प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य जिनका चुनाव चिन्ह दो पत्ती छाप है।

जनसंपर्क के तहत 14 फरवरी को ग्राम बड़गांव, परेवाड़ीह ,धोबनी, उमरवाही, संबलपुर, बरबसपुर, चंदिया, गिदर्री, जोंधरा, मोहगांव,जोधरा, गुंडरदेही, कलडबरी, महरूम, पतोरा आदि का ग्रामों में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से सघन जन सम्पर्क कर अपने समर्थन में 20 फरवरी को दो पत्ती छाप पर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। भाजपा अधिकृत प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य ने कहा की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं लागू की है और उसका सीधा लाभ गांव तक पहुंचाया जा रहा है उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीबों को पक्का मकान मिला है. उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुए से मुक्ति दिलाई है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों को आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है. उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत को और अधिक सशक्त किया जाएगा सड़कों और पेयजल सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार किया जाएगा ग्रामीणों को रोजगार के अधिक और कर दिए जाएंगे। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण जन सम्पर्क अभियान में शामिल हुए और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। जनसंपर्क मे भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह भुआर्य,हिरेंद्र कुमार साहू, बोधन साहू अनिरुद्ध चंद्राकर,हिरदे राम देवांगन, हृदय राम चंद्रवंशी, अनंत तिवारी, रूपेश साहू, अर्जुन पुरी गोस्वामी, तोरन लाल चंद्रवंशी सहित भाजपा कार्यकर्ता गण उनके प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।





# जिले के सातों नगरीय निकाय के निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया



**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को हुए मतदान के बाद जिले के सभी 07 नगरीय निकायों के मतगणना परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा आज 15 फरवरी को घोषित किया गया। जिसमें कवर्धा नगर पालिका के प्रत्याशी श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी (भारतीय जनता पार्टी), नगर पालिका पंडरिया के प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत पाण्डातराई की प्रत्याशी श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत बोड़ला के प्रत्याशी श्री विजय पाटिल (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रत्याशी श्री संतोष मिश्रा (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत पिपरिया के प्रत्याशी श्री घुरवाराम साहू (भारतीय जनता पार्टी), नगर पंचायत इंदौरी की प्रत्याशी श्रीमती मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले (भारतीय जनता पार्टी) निर्वाचित हुए।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना कार्य किया गया। मतगणना के पश्चात सभी नगरीय निकाय के मतगणना परिसर में निर्वाचित प्रत्यिशियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनितिक दलों के प्रतिनिधि एवं रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में स्ट्रांगरूम खोला गया। सबसे पहले डाक मतपत्र की गणाना की गई। इस असवर पर रिटर्निंग अधिकारी डॉ. मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक उपस्थित थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि नगर पालिका कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को कुल 14 हजार 160 मत मिले। नगर पालिका पंडरिया के प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे को 7344 मत, नगर पंचायत पाण्डातराई की प्रत्याशी श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी को 2634 मत, नगर पंचायत बोड़ला के प्रत्याशी श्री विजय पाटिल को 2057 मत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रत्याशी श्री संतोष मिश्रा को 2000 मत, नगर पंचायत पिपरिया के प्रत्याशी श्री घुरवाराम साहू को 2187 मत, नगर पंचायत इंदौरी की प्रत्याशी श्रीमती मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले को 2119 मत प्राप्त हुए।

## जिला सदस्य क्र. 13 से कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी प्रताप घावडे को मिल रहा अपार जनसमर्थन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 13 में अब चुनावी माहौल पूरी तरह से कांग्रेस समार्थित प्रत्याशी प्रताप घावडे के पक्ष में नजर आ रहा है। गांव-गांव, गली गली, चौपालों और बाजारों में बस एक ही चर्चा है-इस बार उड़ेगा प्रताप घावड़े का पतंग ! कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व समर्थन यह साफ संकेत दे रहा है कि शिक्षित, योग्य ईमानदारी और सेवा भाव वाले प्रताप घावडे की जीत सुनिश्चित है। प्रताप घावडे ने अपने समाज सेवा मे एक अलग पहचान बनाई है और कांग्रेस की आवाज बनकर, लगातार सामाजिक और जनहितकारी कार्यों से जनता का दिल जीता है। उन्होंने हमेशा आमजन की समस्याओं को सुना, समाधान किया और क्षेत्र के विकास के लिए खुद को समर्पित किया। यही कारण है कि जनता ने इस बार ठान लिया है अबकी बार, सिर्फ पतंग छाप। विपक्षी खेमे में मचा हड़कंप प्रताप घावडे की बढ़ती लोकप्रियता और जनता का जबरदस्त समर्थन देखकर विपक्षी दलों में अफरा तफरी मची हुई है। जिला पंचायत के सदस्य पद उम्मीदवार प्रताप घावडे कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी है जिनका आज ग्राम देवरी,कन्हारपुरी, अछोली,चिरचारी,सोमाझीटिया, तुमड़ीलेवा, लक्ष्मण भरदा,पांडुका आदि ग्रामों में सघन जन सम्पर्क कर मतदाताओं से रूबरू होकर जीत का आशीर्वाद लिया।

# नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए पार्षदों का निर्वाचन परिणाम घोषित किया गया



**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** स्थाई निर्वाचन के अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए पार्षदों का निर्वाचन परिणाम घोषित किया गया है। पार्षदों का निर्वाचन परिणाम इस प्रकार है। वार्ड क्रमांक 1 से खेदी बाई को विजयी घोषित किया गया है। उन्हें कुल 231 वोट प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार वार्ड 2 से सुरेश नेताम को विजयी घोषित किया गया है। उन्हें कुल 244 मत प्रात हुआ है। वार्ड क्रमांक 3 श्री रितेश मेश्राम को विजयी घोषित किया गया है। उन्हें 144 वोट प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 4 से श्री दिलीप कुंभकार विजय घोषित किया गए है। उन्हें 210 वोट मिला है। वार्ड क्रमांक 5 से ईश्वरी धुर्वे विजय घोषित किया गया है। उन्हें 195 मत वोट प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 6 से विनोद डेहरिया विजय घोषित किया गया है। उन्हें 116 वोट प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 7 से गोपीचंद देवांगन विजय घोषित किया गया है। उन्हें 223 वोट प्रात हुआ है। वार्ड क्रमांक 8 से उषा यादव विजयी घोषित किया गया है। उन्हें 292 वोट मिला है। वार्ड क्रमांक 9 से मुकेश सिंहा विजयी घोषित किया गया है। उन्हें 97 वोट मिला है। वार्ड क्रमांक 10 से श्री झरनेश कुंभकार विजय घोषित हुआ है। उन्हें 212 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 11 से कविता यादव विजयी घोषित किया गया है। उन्हें 142 वोट मिला है। वार्ड क्रमांक 12 से किशुन लाल पटेल विजयी हुआ है। उन्हें 210 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 13 से उमाशंकर निषाद विजयी घोषित किया गया है। उन्हें 157 वोट प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 14 से पवन गुप्ता विजयी हुआ है। उन्हें 235 वोट प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 15 से कांशी राम निषाद विजय घोषित किया गया है। उन्हें 338 वोट मिला है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह एवं गणना प्रेक्षक डॉ के मैचियों (आई एफएस) की उपस्थिति में मतों की गणना किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर श्री हेमेंद्र भूआर्य ने विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भेंटकर शुभकामनाएं दिया।

## ज्ञान मंथन

*1) कौन सा द्वीप आइलैंड ऑफ क्लोवस कहा जाता है?*

*2) पार्थियोन मंदिर किसके शासनकाल में बनाया गया था?*

*3) थर्मोपल्ली का युद्ध किनके मध्य हुआ था?*

*4) इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिश्चियन रिलिजन नामक पुस्तक का लेखक कौन था?*

*5) हाल ही में किस भारतीय को ग्रीन ऑस्कर व्हिटली गोल्ड अवार्ड 2024 प्राप्त हुआ?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) जांजीबार (2) ऑगस्टस (3) एथेंस एवं ईरान (4) काल्विन (5) पूर्णिमा देवी बर्मन000

## पति ने उतारा पत्नी को मौत के घाट.

**डोंगरगढ़/कलकसा ( नांदगांव टाइम्स )।** देर रात में खूनी पति अपनी ही पत्नी को ईट से कुंच कुंच कर मौत के घाट उतार देने के बाद रात भर लाश के साथ सोया रहा. सुबह अपने कारनामे को देखकर पति ने अपने ऊपर भी प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से अपने आपको घायल कर लिया. इस घटना से आसपास के क्षेत्रों में सनसनी सी फैल गई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामवासियो के द्वारा इसकी सूचना पुलिस थाने को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस 112 को मौके पर भेजा. गंभीर रूप से घायल पति को डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर ईलाज प्रारम्भ किया गया इसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुँचकर मामले की जांच कर रही है. यह घटना डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलकसा स्थित पंजाबी पारा का बताया जा रहा है. पंजाबी पारा निवासी इंद्रजीत बग्गा उम्र 53 वर्ष ने अपनी पत्नी अमरजीत बग्गा मे पीट -पीट कर बेरहमी से हत्त्या कर दी. बताया जाता है कि पति पत्नी के बीच आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था परंतु यह कलह एक दिन खूनी खेल में बदल जायेगा इसका अंदाज़ा किसी को नहीं था. थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल किया जा रहा है मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. प्रथम पूछताछ में आरोपी पति इंद्रजीत ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले जांच कर आगे की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है.



## चुनाव परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं, जनादेश शिरोधार्य : दीपक बैज

**रायपुर ।** नगरी निकाय चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये जनादेश शिरोधार्य है। कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत और एक जुटता से चुनाव लड़ा। हमारे सभी वरिष्ठ नेता चुनाव अभियान का प्रमुख हिस्सा थे। कांग्रेस ने पूरे चुनाव में अपने सिद्धांतों पर समझौता नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव के पहले से ही सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। पहले चुनाव को टालने की कोशिश हुई, फिर चुनावो की तारीखो को आगे बढ़ाया गया। पहले घोषित किया गया चुनाव बैलेट पेपर से होगा, बाद में निर्णय हुआ मतदान ईवीएम से कराया जायेगा। ईवीएम से मतदान निश्चित किया गया तो अध्यक्ष और पार्षदों के मशीनो को एक साथ जोड़ा गया। उसमें वीवीपैड की व्यवस्था नहीं किया गया। जबकि ईवीएम के मामले सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि वीवीपैड जोड़ा जाना चाहिये। प्रदेश में मतदान के दौरान 100 से अधिक स्थानों पर ईवीएम बंद होने, खराब होने की शिकायते आई किसी प्रकार मतदान संपन्न हुआ। दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में सत्ताबल, धनबल का दुरुपयोग किया।



# डोंगरगांव में 15 साल बाद खिला कमल, कांग्रेस का सफाया

## महतारी वंदन और किसानों को दी गई धान की अंतर राशि ने दिलाई बीजेपी को बड़ी जीत

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव नगर पंचायत चुनाव में इस बार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 15 साल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बी जे पी से अंजू त्रिपाठी ने कांग्रेस की पुष्पा रोशन यदु को 482 वोटों से मात दी। वही निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी लोढ़ा तीसरे पायदान पर रही। साथ ही15 वार्डों में से 11 पर बीजेपी ने कब्जा जमाया, जबकि कांग्रेस को मात्र 3 सीटों पर संतोष करना पड़ा। एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में गई।

**महतारी वंदन और धान की अंतर राशि बनी जीत का कारण**

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बीजेपी की इस जीत में राज्य सरकार की दो प्रमुख योजनाओं – महतारी वंदन योजना और धान की अंतर राशि ङ्क की अहम भूमिका रही। मुख्यमंत्री की इस रणनीति ने महिलाओं और किसानों को सीधे लाभ पहुंचाया, जिससे आम जनता में बीजेपी के प्रति विश्वास बढ़ा।

**कांग्रेस को क्यों मिला झटका ?**

15 साल से नगर पंचायत में अपनी पकड़ बनाए रखने वाली कांग्रेस को इस बार करारी हार का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि पार्टी के अंदरूनी कलह, स्थानीय नेताओं की निष्क्रियता और सरकार विरोधी लहर ने कांग्रेस के जनाधार को कमजोर किया।

नगर पंचायत की तस्वीर

| पार्टी | पार्षद की संख्या |
|---|---|
| बी जे पी | 11 |
| कांग्रेस | 03 |
| निर्दलीय | 01 |

सांसद सन्तोष पाण्डे ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री की नीतियों का परिणाम है। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने हार के लिए धनबल और सत्ता के दुरुपयोग को जिम्मेदार ठहराया है।



**अध्यक्ष का रहा ये समीकरण**

प्रत्याशी वोट मिले

अंजू त्रिपाठी बी जे पी (जीते) 3333

पुष्पा रोशन यदु कांग्रेस 2851

पिंकी ललित लोढ़ा निर्दलीय 2649

सरिता ढीमर। निर्दलीय 105

पार्षदों का रहा ये समीकर

वार्ड 1 वोट मिले

गीता सलामे कांग्रेस 304

कुंती आल्हा बी जे पी 299

वार्ड 2

निर्मला मालेकर बी जे पी 434

वैशाली बोरकर 229

वार्ड 3

प्रियंक जैन कांग्रेस 342

संतोष यादव बीजेपी। 179

विक्रम कुमार शिवसेना 02

वार्ड क्रमांक 4

रोहित गुप्ता बीजेपी 186

संजय मुटकुरे कांग्रेस। 88

अक्षय कुमार जैन नर्दलीय 105

ज्ञानेश्वर हिरवानी निर्दलीय। 49

रवि शुक्ला निर्दलीय 14

विकास गुप्ता नीडल 02

वार्ड क्रमांक 5

अखिलेश नखत कांग्रेस। 264

प्रफुल्ल जैन राजा बीजेपी 541

वार्ड क्रमांक 6

अरुण देवांगन कांग्रेस 110

गायत्री यादव बीजेपी 241

संगीता अहीर निर्दलीय 144

वार्ड क्रमांक 7

कोमल साहू बीजेपी 279

सतीश वैष्णव कांग्रेस 97

सिद्दीक बडगूजर निर्दलीय 148

वार्ड क्रमांक 8

रितु सोनकर बीजेपी 187

श्रुति शुक्ला कांग्रेस 115

नफीस सिद्दीक बडगूजर निर्दलीय 381

वर्षा सोनी निर्दलीय 18

वार्ड क्रमांक 9

अजय कुमार मंडलोई कांग्रेस 273

लीलाराम मंडलोई बीजेपी 345

वार्ड क्रमांक 10

लक्ष्मी नारायण सिंह बीजेपी 394

महेंद्र वैष्णव कांग्रेस 291

जितेंद्र सोनकर निर्दलीय 06

किशोर बोहरा निर्दलीय 122

कोलेश्वरी राकेश देवांगन 04

वार्ड क्रमांक 11

रमजान बडगूजर बीजेपी 196

सद्दाम खत्री कांग्रेस 311

प्रदीप कुमार देवांगन राजा निर्दलीय 224

राकेश कुमार देवांगन निर्दलीय 08

वार्ड क्रमांक 12

दुर्गेश रामटेक बीजेपी 492

श्याम सुंदर कांग्रेस 230

वार्ड क्रमांक 13

मनबोधी पटेल बीजेपी 356

राकेश साहू कांग्रेस 259

वार्ड क्रमांक 14

पुरुषोत्तम साहू भाजपा 323

रुक्मणी साहू कांग्रेस 154

घनश्याम पटेल निर्दलीय 58

हृदय राम साहू निर्दलीय11

वार्ड क्रमांक 15

पद्मिनी ठाकुर बीजेपी 337

रंजू रत्नाकर कांग्रेस 98

दुलारी सोनी निर्दलीय 209

सुलोचना सोनी निर्दलीय को 10 वोट मिला है सभी विजयी प्रत्याशियों को एस डी एम श्रीराम कोराम तहसीलदार पी एल नाग नायब तहसीलदार जगदेव प्रसाद खूंटे वसीम सिद्दीकी ने निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरण किया गया इसके बाद भाजपा से जीते अंजू त्रिपाठी और 11 पार्षदों ने पूरे 15 वार्डों में बैंडबाजा धूमाल के साथ विजय जुलूस निकाला गया जगह जगह फटाखे फूटे मिठाई बटे सभी विजयी प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्ड में जाकर मतदाताओं का आभार जताया।

# भोरमदेव शक्कर कारखाने ने अब तक गन्ना किसानों को 44 करोड़ 99 लाख रूपए का भुगतान किया

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक गन्ना किसानों को कुल 44 करोड़ 99 लाख रूपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में 30 दिसंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 11.89 करोड़ रूपए का भुगतान 315.10 रूपए प्रति क्विंटल की दर से किया जा चुका है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत कारखाना प्रबंधन किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों का कारखाने और शासन-प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे न केवल शक्कर की रिकवरी दर में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को भी बेहतर लाभ मिलेगा। गन्ने की गुणवत्ता बढ़ने से उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और इसका सकारात्मक प्रभाव किसानों की आय पर भी पड़ेगा। अपनी स्थापना से अब तक भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य, रिकवरी और बोनस मिलाकर लगभग 1210 करोड़ रूपए का भुगतान कर चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति को नई दिशा मिली है। शक्कर कारखाना केवल किसानों के आर्थिक विकास में ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कारखाना प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों को प्राथमिकता देना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।

## जनपद प्रत्याशी कोमिन साहू को मिल रहा जनता का आशीर्वाद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-17 के सिंघोला, भंवरमरा, भोथीपारकला व महाराजपुर से जनपद सदस्य की प्रत्याशी कोमिन साहू को जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। लगातार जपं प्रत्याशी क्षेत्र के चारों गांवों में पहुंचकर मतदाताओं से मिल रही है। जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव की जनता उसे आशीर्वाद भी दे रही है। महिलाओं के साथ गांव के बड़े-बुजुर्गों से लगातार बैठक कर रही है। डोर-टू-डोर जनसंपर्क में कोमिन साहू को ग्रामीणों का समर्थन मिल रहा है। क्षेत्र की जनपद प्रत्याशी कोमिन साहू निर्वाचन क्षेत्र के गांवों के विकास को लेकर संकल्पित है। जनता का आशीर्वाद लेकर कोमिन साहू चारों गांवों में घर-घर पहुंच चुकी है।



# पं.किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के सात विद्यार्थी आए प्रावीण्य सूची में , निशि सोनी विश्व विद्यालय में प्रथम ...




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के एक मात्र पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नया इतिहास रचा है । एलएलबी छठवें सेमेस्टर के परिणाम के उपरांत हेमचंद विश्व विद्यालय , दुर्ग द्वारा जारी की गई मेरिट लिस्ट में महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों ने स्थान पाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है । कुल 10 स्थान में से प्रथम स्थान कु .निशि सोनी ने प्राप्त किया है । महाविद्यालय के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व विद्यालय द्वारा जारी की गई प्रावीण्य सूची में कुल 10 स्थानों में से 7 स्थान पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के छात्रों ने प्राप्त किया है । प्रथम स्थान पर कु. निशि सोनी , द्वितीय स्थान नेहा झा , तृतीय स्थान प्रीति साहू , पांचवां स्थान नेतल गांधी , छठवां स्थान रिया जैन , सातवां स्थान वाणी शर्मा तथा नवें स्थान पर वंदना गढ़ेवाल को सूची में स्थान प्राप्त हुआ है । नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित उक्त महाविद्यालय में अध्यापन कार्य विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा कराया जा रहा है । महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अलका चौहान , संचालन समिति के अध्यक्ष नन्द कुमार अग्रवाल , सचिव सुरेश एच लाल सहित प्रशासक डॉ .आर.एन .सिंह तथा समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छात्रों की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है ।



## गोंदिया से 18 फरवरी और दुर्ग से 21 को चलेगी कुंभ स्पेशल ट्रेन

**रायपुर।** ट्रेन दुर्ग-टुंडला-दुर्ग महाकुंभ मेला स्पेशल 21 फरवरी को और गोंदिया स्पेशल से 18 फरवरी को रवाना होगी। छत्तीसगढ़ के रायपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एक फेरे के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन दुर्ग-टुंडला-दुर्ग महाकुंभ मेला स्पेशल 21 फरवरी को और गोंदिया स्पेशल से 18 फरवरी को रवाना होगी। फिर भाठापारा, उसलापुर, पेंडरारोड, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, माणिकपुर जंक्शन, प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन रुकते हुए टुंडला रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में 2 एसी टू, 09 एसी थ्री, 2 स्लीपर, 2 जनरल, एक एसएलआरडी सहित 16 कोच हैं। वापसी भी इन्हीं स्टेशन से होकर होगी। ट्रेन नंबर 08867/08868 गोंदिया-टूण्डला-गोंदिया महाकुंभ स्पेशल 18 फरवरी को सुबह 8.20 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाठापारा, उसलापुर, पेंडरारोड, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, माणिकपुर जंक्शन, प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन, टुंडला रेलवे स्टेशनों में ठहराव की सुविधा दी जा रही है।

## धर्म समाचार....

# 30 की उम्र के बाद अचानक चमकती है इस मूलांक की किस्मत, लक्ष्य का नहीं छोड़ते पीछा




किसी व्यक्ति के मूलांक से व्यक्ति के स्वभाव से लेकर उसके करियर तक के बारे में पता लगाया जा सकता है। अंक ज्योतिष शास्त्र में एक ऐसे मूलांक के बारे में बताया गया है जिसे सफलता पाने के लिए 30-35 की उम्र का इंतजार करना पड़ता है। तो चलिए जानते हैं वह मूलांक आखिर कौन सा है। अंक ज्योतिष में कुल 1 से लेकर 9 तक मूलांक बताएं हैं, जो सभी अपना एक अलग महत्व रखते हैं। व्यक्ति की जन्म की तारीख को जोड़ने पर जो संख्या प्राप्त होती है, वहीं उसका मूलांक होती है। जैसे अगर किसी जातक का जन्म 11 तारीख को हुआ है, तो उसका मूलांक 2 होगा।

**ये है वह मूलांक**

आज हम बात कर रहे हैं मूलांक 8 की यह मूलांक शनिदेव का प्रिय मूलांक माना गया है। जिस किसी जातक का जन्म किसी महीने की 8, 17 या फिर 26 तारीख को होता है, उनका मूलांक 8 माना जाता है। इस मूलांक के ग्रह स्वामी शनि देव हैं। इस मूलांक को काफी मेहनती माना जाता है। साथ ही यह भी माना गया है कि इस मूलांक को जीवन में काफी धीमी गति से सफलता मिलती है। जीवन के शुरुआती दौर में इन्हें कुछ कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। अधिकतर इन लोगों को सफलता प्राप्ति के लिए 30-35 की उम्र तक इंतजार करना पड़ता है, लेकिन इसके बाद अचानक से इस मूलांक की किस्मत चमकती है।

**कैसा होता है स्वभाव**

मूलांक 8 के लोग कर्म पर भरोसा करते हैं और आसानी से हार नहीं मानते। यह लोग तबकर कोशिश करते रहते हैं, जब तक की इन्हें सफलता हासिल न हो जाए। मेहनती होने के साथ-साथ ये जातक काफी महत्वाकांक्षी और आत्मविश्वासी भी होते हैं। इन्हें अनुशासन में रहना पसंद होता है और यह किसी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करते।

**इस क्षेत्र में मिलती है सफलता**

शनि देव का मूलांक होने के कारण यह मूलांक टेक्निकल, टीवी, मैनेजमेंट, इंजीनियर, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल या फिर लोहे से जुड़ा व्यापार आदि में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। साथ ही इस मूलांक के लोग राजनेता या कलाकार भी बनते हैं।

## कैसे और कब करना चाहिए महाशिवरात्रि व्रत का पारण, यहां जानें विधि

हिंदू शास्त्रों में महाशिवरात्रि के व्रत की बड़ी महिमा बताई गई है। इस साल महाशिवरात्रि का व्रत बुधवार 26 फरवरी को किया जाएगा। इस दिन शिव जी की पूजा का मुहूर्त रात 12 बजकर 09 मिनट से 27 फरवरी रात 12 बजकर 59 मिनट तक रहने वाला है। ऐसे में चलिए जानते हैं महाशिवरात्रि व्रत के पारण का समय। हर साल फाल्गुन माह की कृष्ण पक्षी की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी तिथि पर शिव जी संग माता पार्वती का विवाह हुआ था। ऐसे में इस दिन आप भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा कर आशीर्वाद पा सकते हैं। व्रत की तरह ही सही तरीके से पारण करना भी जरूरी है। ऐसे में चलिए जानते हैं महाशिवरात्रि व्रत की पारण विधि।




**महाशिवरात्रि का पारण समय** - शिव और शक्ति के मिलन यानी महाशिवरात्रि के दिन पारण का समय कुछ इस प्रकार रहने वाला है।

महाशिवरात्रि पारण समय - 27 फरवरी, सुबह 06 बजकर 48 मिनट से सुबह 08 बजकर 54 मिनट तक महाशिवरात्रि के दिन रात के चारों प्रहर भगवान शिव की पूजा करने का विधान है, जो इस प्रकार रहने वाले हैं - रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय - शाम 06 बजकर 19 मिनट से रात 09 बजकर 26 मिनट तक रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय - रात 09 बजकर 26 मिनट से 27 फरवरी रात 12 बजकर 34 मिनट तक रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय - 27 फरवरी रात 12 बजकर 34 मिनट से प्रात: 03 बजकर 41 मिनट तक रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय - 27 फरवरी 03 बजकर 41 मिनट से सुबह 06 बजकर 48 मिनट तक

**कैसे करें पारण** - महाशिवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठकर भगवान शिव की मूर्ति या शिवलिंग का पंचामृत से अभिषेक करें। इस दौरान च्ॐ नमो नम: शिवायज्ज् मंत्र का जप करते रहें। इसके बाद शाम के समय फलाहार से अपना व्रत खोलें। लेकिन जो लोग रात्रि के चारों प्रहर शिव जी की पूजा करते हैं, वह अगले दिन व्रत का पारण करते हैं।

nandgaon times feb-16-4.qxd 2/15/2025 11:41 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# राजनांदगांव में कांग्रेस चारों खाने चित

## भाजपा के मधुसूदन ने स्वयं का पिछला रिकार्ड 35241 की जीत को तोडकर 44475 मतों से चुनाव जीता



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनंदगांव नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त एवं ऐतिहासिक सफलता मिली है भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव अपनी खुद की जीत का पुराना रिकॉर्ड तोडा है। यहां कांग्रेस चारों खाने चित हो गई है और इसके महापौर प्रत्याशी को बडी हार का सामना करना पडा है वहीं पार्षदों के मामले में कांग्रेस के आंकडे बडी मुश्किल से दहाई का आंकडा छू पाई है।

महापौर चुनावा की बात करे तो सन 2014 में जब महापौर के लिए जनता द्वारा सीधा चुनाव हुआ था तो उन्होंने कांग्रेस के विजय पांडे को 35241 में से पराजित किया था इसके बाद मैं फिर इसी वर्ष हुए चुनाव में उन्होने अपनी ही जीत का पुराना आंकडा पार करके कांग्रेस के युवा प्रत्याशी निखिल द्विवेदी को 44475 मतों से पराजित किया है। इसी प्रकार नगर निगम राजनांदगांव के 51 वार्डों के लिए हुए चुनाव में 39 पार्षद भारतीय जनता पार्टी के जीत के आए हैं वहीं कांग्रेस के 10 एवं 2 निर्दलीय पार्षद जीत कर आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के लिए अहम माने जाने वाली वार्ड नंबर 24 वार्ड नं 27 तथा



वार्ड नंबर 37 की सीट पर भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली है। वार्ड नंबर 24 से अब तक के लगातार पांच बार पार्षद रहे कुलबीर छाबड़ा को पहली बार चुनाव लड रहे सैंकी बग्गा ने भारी मतों से पराजित कर पूरे शहर में सनसनी फैला दी। ऑल इंडिया रक्षा सर्विस से त्यागपत्र देकर अपने पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न होने के साथ ही सैंकी ने भाजपा प्रवेश किया था और उन्होंने निकाय चुनाव में इतिहास रचा है क्योंकि उन्होने शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर छाबडा जैसे अजातशत्रु माने जाने वाले और लगातार पांच बार जीते हुई हस्ती को हराया है। हांलाकि इस वार्ड का चुनाव ने 2024 के विधानसभा चुनाव की याद ताजा कर दिया था जिसमें मतदाताओं के चेहरों पर एक अलग ही मुस्कान हुइ करती थी और लगभग लगभग यही हालात वार्ड नंबर 37 का भी लग रहा था। कुलबीर के नेतृत्व में ही कांग्रेस ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव लड़ा था। यह कांग्रेस के लिए एक बहुत बड़ा झटका कहा जा सकता है। वार्ड नंबर 37 से भी जैनम बैद जिन्हे जबरदस्त भीतराघात का खतरा बताया जा रहा था वे भी भारी मतों से चुनाव जीत गए है। वार्ड नं 27 से व्यापारी प्रकोष्ठ भाजपा के संयोजक राजा माखीजा रिकार्ड लगभग 1100 मतों से चुनाव जीतकर शहर में चर्चित हो गए है।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा हारे

### राजा माखीजा, जैनम बैद व राणू जैन जीते

## अभिषेक ने भाजपा की बडी जीत पर दी कार्य कर्ताओं को बधाई

**जीत का श्रेय सीएम साय की कुशल नेतृत्व क्षमता को दिया**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ में नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को मिली वृहद विजय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भूतपूर्व सांसद एवं राजनांदगांव चुनाव के प्रमुख प्रचारक रहे भूतपूर्व



सांसद अभिषेक सिंह ने निगम क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। अभिषेक ने कहा कि चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को लगभग 80त सीटों पर सफलता मिली है और विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में तो भारतीय जनता पार्टी को बंपर सफलता मिली है। यहां नगर निगम के लिए हुए चुनाव में भाजपा को कुल 51 में से 39 वार्डों में विजय मिली है वहीं भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव लगभग 41 हजार मतों से चुनाव जीत गए है। राजनांदगांव मण्डी स्थित मतगणना केन्द्र में मीडिया से बात करते हुए भूतपूर्व सांसद एवं भाजपा की जीत के प्रमुख सूत्रधारों में से एक अभिषेक सिंह ने कहा कि राजनांदगांव सहित प्रदेश में मिली भाजपा की भारी सफलता आमजनों का प्रधानमंत्री मोदी जी पर अटूट श्रद्धा,विश्वास

## पारस वर्मा फिर जीते सर्वाधिक मतों से

राजनांदगांव के श्रमिक बाहुल्य तुलसीपुर वार्ड में पारस वर्मा लगातार चौथी बार चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। वे सर्वाधिक मतों से जीतने वाले पार्षद बने हैं। इसके पूर्व में वे 2009 तथा 2014 में भी सबसे बडी जीत दर्ज कर चुके है।

इसके पूर्व उन्होंने 2009 में भी जो विजय दर्ज की थी उसमें भी उन्होंने सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद 2014 में भी उन्होंने सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। 2019 में वे फिर भारी मतों से जीतकर पार्षद बने थे और अभी फिर 2025 का चुनाव परिणाम बता रहा हैं कि 2000 मतों से अपने निकटतम कांग्रेसी प्रतिद्वंदी को हराकर वे फिर से सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बना चुके है। वर्मा ने 2014 में रोहित बिसेन को 829 मतों से हराकर रिकार्ड बनाया था। इसके बाद 2009 में उन्होने 1400 मतों से जीत हासिल की थी।

पारस वर्मा एक अपने आप में एक निराले व्यक्तित्व के धनी है। वे गंभीर स्वभाव के मृदुभाषी पार्षद है। वे वार्ड की जनता का कोई भी कार्य करने में कभी पीछे नहीं रहते और उनके सुख दु:खा में हमेशा सहभागी रहते है।

जन सेवा और लोगों की मूलभूत सुविधाओं को हल करना हमेशा उनकी प्राथमिकता रही है। वार्ड वासियों के हर सुख दुख में काम आने वाले पारस वर्मा को जनता ने जिस प्रकार से हमेशा हाथों हाथ लिया है वह भी एक अपने आप में बहुत उदाहरण है क्योंकि हर कोई ऐसे ही लगातार चुनाव नहीं जीत जाता और वह भी इतने अधिक मतों से।

## स्वदेशी मेले राजनांदगांव उद्घाटन समारोह में संत शिरोमणि युधिष्ठिर लाल जी महाराज होंगे सम्मिलित

### स्वदेशी वस्तुओं से 16 से 23 फरवरी तक सजेगी संस्कारधानी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वर्षों से प्रयासरत भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन दिनांक 16 फरवरी 2025 संध्या 7:00 बजे स्टेट स्कूल मैदान में होने जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशीर्वाद प्रदान करने के लिए रायपुर के सुप्रसिद्ध शदानी दरबार संत शिरोमणि युधिष्ठिर लाल जी महाराज प्रमुख रूप से स्वदेशी मेले में आशीर्वाद देने पधार रहे है। उद्घाटन के इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय मधुसूदन यादव, महापौर नगर पालिका निगम राजनंदगांव, विशिष्ट अतिथि माननीय सुनील अग्रवाल, उद्योगपति मेले का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष आयोजन समिति के संयोजक भागचंद गिडिया, सहसंयोजक मनोज निर्वाणी एवं मोना गोसाई को बनाया गया है । स्वागत समिति अध्यक्ष अशोक चौधरी स्वागत समिति सचिव मूलचंद भंसाली को बनाया गया है। प्रदेश में संपन्न होने वाले प्रतिष्ठित स्वदेशी मेले का लोग वर्षभर इंतजार करते है। जिसमें विविध स्वदेशी वस्तुओं के स्टाल लगते है। सुई से लेकर बड़े मशीनरी स्तर की सभी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती है। प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताएं जिसमे श्रीफल/कलश सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला /रंगभरो प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, शिशुवेशभूषा प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता,आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता जैसी अनेकों प्रतियोगिताओं में हजारों प्रतिभावान लोगों को एक मंच दिया जाता है। लोकनृत्य लोक संस्कृति छत्तीसगढ़ के पारम्परिक कला को मंच पर कलाकार प्रतिदिन प्रस्तुत करते है। स्वदेशी का भाव लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने 350 से अधिक विविध स्टाल मेले में सम्मिलित हो रहे। स्वदेशी मेले के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा एवं महिला प्रमुख साधना तिवारी एवं सुधा पवार ने संस्कारधानी की आधिकारिक जनता को उपस्थित का आह्वान किया है।

**महापौर मधुसूदन यादव का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा**

स्वदेशी मेले के सुब्रत चाकी ने बताया कि इस अवसर पर नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक जीत के अग्रदूत मधुसूदन यादव का पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में विशेष सम्मान किया जाएगा।

## कांग्रेस के भारी भ्रष्टाचार को जनता ने नकारते हुए भाजपा को आशीर्वाद दिया - खूबचंद पारख

**राजनांदगांव,** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य खूबचंद पारख ने नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके किए गए जीत के दावे लगभग सही साबित हुए, मधुसूदन यादव एवं 39 पार्षद जीतकर आए और जनता ने कांग्रेस के 5 वर्षों के किए गए भ्रष्टाचार पर करारा जवाब दिया और भाजपा की विकास की राजनीति पर मोहर लगाई। श्री पारख ने कहा कि भाजपा का संगठन कैडर आधारित रहा है,और पूर्ण समर्पित होकर भाजपा के कार्यकर्ता अपने लक्ष्य के



प्रति जुनून के साथ लगे रहे, जिसके नतीजे सकारात्मक रहे । उन्होंने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की कार्य योजना को देते हुए कहा कि समयबद्ध ढंग से संगठन के चुनाव संपन्न होने के बाद नए एवं पुराने पदाधिकारी के समन्वय के साथ मिलजुल कर चुनाव लड़ने एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा समय पर मोदी गारंटी पूर्ण करने के कारण छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन पर मोहर लगाई है । श्री पारख ने कहा कि अटल संकल्प पत्र में कहीं सभी बातें भाजपा पूरा करेगी और इस जीत के लिए जनता जनार्दन का वो हृदय से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करते है।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड से गिरधर वर्मा ने डोर टू डोर जन सम्पर्क किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे प्रत्याशियों ने जोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड के सर्वांगीण विकास हेतु जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी गिरधर वर्मा है जिनका चुनाव चिन्ह दो पत्ती छाप है। आज क्षेत्र के ग्राम नाथुनवागांव, बिल्हरी आदि ग्रामो मे डोर टू डोर जनसंपर्क कर किया.गिरधर वर्मा शिक्षित,मिलनसार,सरल, सहज



व्यक्तित्व की धनी हैं उनके कुशल व्यवहार से जनता वाकिफ है उन्होंने एक नारा दिया है आप करे समर्थन हम करेंगे परिवर्तन। प्रत्याशी गिरधर वर्मा अन्नदाता किसान परिवार से हैं उसका निवास ग्राम पारागांव खुर्द है। उनके प्रत्याशी होने से क्षेत्र वासियो में हर्ष व्याप्त है वह प्रथम बार सेवा करने के लिए क्षेत्र की जनता की सेवा करने के लिए चुनावी मैदान में है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाऊंगा और प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा है कि विकास को नई ऊंचाई की ओर ले जाने के लिए बदलाव करते हुए आगामी होने वाले 23 फरवरी को मतदान के दिन एक नंबर दो पत्ती छाप पर मोहर लगाने की आग्रह मतदाताओं से की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com